卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 144 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦3 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी

देहरादून । पहाड़ से मैदान तक बारिश का सिलसिला जारी है। उंची चोटियों पर जमकर बर्फबारी हो रही है। औली और चकराता में फिर से बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। निजमुला घाटी के ईराणी, पाणा, झींझी, नंदानगर के रामणी, घूनी, पडेरगांव सहित कई गांवों में बर्फ जम गई है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं। पैदल रास्तों और खेत खलियानों में बर्फ जमने से ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उत्तरकाशी जिले में रात से लगातार बारिश और



बर्फबारी हो रही है। जिसके चलते गंगोत्री हाईवे सुक्की टॉप से आगे बंद है। मोरी क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई है। चकराता में सीजन की चौथी बर्फबारी हुई है। क्षेत्र के लौखंडी, कोटी- कनासर, जाड़ी, बुल्हाड़, देववन, केराड़ में भारी बर्फ पड़ी है। बर्फबारी के बाद जमीन पर छह इंच मोटी बर्फ की चादर जम गई है। वहीं बदरीनाथ हाईवे पागलनाला में करीब एक घंटे तक बाधित रहा। यहां हाईवे पर आया मलबा दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। हाईवे पर हनुमान चटटी से आगे बर्फ हटाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। सरकारी जमीन को अपनी जमीन बताकर बेचने और करोड़ो की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को पुलिस ने पुलभट्टा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक 10 नवम्बर को 2023 को अकील अहमद एवं तौफीक अहमद पुत्रगण तज्जन नि० ग्राम कुरैय्या थाना किच्छा ने मो0 आरिफ उर्फ बाबू पुत्र मोहब्बत



शाह निवासी वार्ड न020 इन्द्रानगर सिरौलीकला मूल निवासी इस्लाम नगर वार्ड न0 03 थाना सितारगंज, मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद शाह निवासी वार्ड नं0 20, इन्द्रानगर सिरौलीकलां किच्छा थाना पुलभट्टा के खिलाफ तहरीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिपाही की फरार पत्नी का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा हिंसा की आड़ में प्रकाश मर्डर केस मामले में भले ही पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हो। लेकिन इस मामले में फरार चल रही सिपाही की पत्नी को पुलिस अभी तक नहीं ढूंढ पाई है। बिहार से हल्द्वानी आए प्रकाश कुमार का शव बनभूलपुरा हिंसा के अगले दिन आंवला चौकी गेट के पास लहूलुहान हालत में मिला था। तब आशंका जताई गई थी कि हिंसा में गोली लगने से प्रकाश की मौत हो गई है। लेकिन जब पुलिस मामले की तह तक पहुंची तो पूरा मामला खुल गया। चोरगलिया थाने तैनात कांस्टेबल बीरेंद्र सिंह की पत्नी के साथ प्रकाश कुमार अवैध संबंध थे। उसने अंतरंग पलों के वीडियो बना लिए थे। जिसके बाद वह महिला को ब्लैकमेल करने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने यह बात ने अपने सिपाही पति को बताई। जिसके बाद कांस्टेबल पति ने हत्या का षड्यंत्र रच डाला। उसने अपनी पत्नी के साले किच्छा निवासी प्रेम सिंह, शक्तिफार्म निवासी सूरज बाईन व इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी नईम खान के साथ मिलकर प्रकाश कुमार को आंवला चौकी गेट के पास सिर में गोली मार (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आने से ऑपरेटर की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। फैक्ट्री में कार्यरत एक कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक



के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक सहसपुरी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी 33 वर्षीय जितेंद्र कुमार पाल पुत्र हरिद्वारी सिंह पिछले कुछ समय से यहां महुआखेड़ा गंज स्थित कल्पतरु



ऑटो पार्ट्स नामक फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद नाइट ड्यूटी करता था। उसने यहीं औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज में किराए का कमरा ले रखा था। हफ्ते में एक दिन वह अपने पैतृक गांव चला जाता था। बताया गया कि शुक्रवार को ड्यूटी से छूटने के बाद वह अपने पैतृक गांव सहसपुरी चला गया। शनिवार को अपराह्न वह अपने पैतृक गांव से महुआखेड़ा गंज काशीपुर के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## सालों ने घर में घुसकर जीजा को जमकर पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में परिवारिक विवाद के चलते कुछ युवकों ने अपने जीजा के घर घुसकर उन्हें बेरहमी से पीट दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सर्वेश कुमार मिश्रा पुत्र राम कुमार मिश्रा निवासी कृष्णा कालोनी का कहना है कि उसका अपनी पत्नी से आपसी वाद विवाद चलता रहा है। जिसके चलते वह घर से नगद 80 हजार रुपए व घर के कागज अपने साथ अपने मायके चली गई। गत रात्रि 10 (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसएसपी ने किये 64 पुलिस कर्मियों के तबादले

### विक्रम राठौर कुण्डा थानाध्यक्ष और संजय पाठक एसओजी प्रभारी बने

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव से पूर्व जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने निरीक्षक और उपनिरीक्षकों सहित साठ से अधिक पुलिस कर्मियों के तबादले किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी ने निरीक्षक विक्रम राठौर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कुण्डा थानाध्यक्ष पद पर स्थानांतरित किया है। इसके अलावा निरीक्षक संजय पाठक को पुलिस लाइन से प्रभारी एसओजी, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद को सूर्या चौकी से कुण्डेश्वरी चौकी, विनोद जोशी को कुण्डेश्वरी से एसओजी प्रभारी काशीपुर, एसओजी से उपनिरीक्षक मनोज धोनी को सूर्या चौकी, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र रिंगवाल को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से एसओजी रूद्रपुर, उपनिरीक्षक पंकज बेलवाल को पुलिस लाइन से थाना केलाखेड़ा, उपनिरीक्षक राकेश राय को पुलिस लाइन से प्रभारी सीएम हैल्प लाइन शिकायत



प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय स्थानांतरित किया है। इसके अलावा एएसआई सावित्री सैला को पुलिस लाइन से क्षेत्राधिकारी कार्यालय खटीमा, एएसआई गोपाल बजेठा को कोतवाली रूद्रपुर से अभियोजन कार्यालय रूद्रपुर, एएसआई बृजेश कोठारी को पुलिस लाइन से वाचक शाखा, एएसआई कुंदन सिंह को पुलिस लाइन से वाचक पुलिस अधीक्षक काशीपुर, एएसआई नाथ सिंह को पुलिस लाइन से थाना खटीमा, एएसआई पूरन चन्द्र पाण्डे को पुलिस लाइन से थाना खटीमा, एएसआई प्रकाश सिंह नेगी को पुलिस लाइन से थाना खटीमा,एएसआई नारायण दत्त जोशी को पुलिस लाइन से कोतवाली सितारगंज, एएसआई होशियार सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली सितारगंज, एएसआई प्रकाश चन्द्र जोशी को पुलिस लाइन से कोतवाली सितारगंज, एएसआई सुरेश सिंह को पुलिस लाइन से थाना गदरपुर, एएसआई अमित कुमार को पुलिस लाइन से थाना रूद्रपुर, एएसआई जगदीश सिंह को पुलिस लाइन से थाना किच्छा, एएसआई राम सिंह को पुलिस लाइन थाना किच्छा, एएसआई प्रमोद कुमार जोशी को पुलिस लाइन से थाना किच्छा, एएसआई कृपाल सिंह को पुलिस लाईन से नानकमत्ता, एएसआई अनवर अहमद को पुलिस लाइन से थाना दिनेशपुर, एएसआई (शेष पृष्ठ सात पर)

## दोहरे हत्याकाण्ड में तीन कातिल गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। चाकूबाजी की घटना में हुई दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। बता दे कि बीते गुरुवार को आईटीआई थाना क्षेत्र में कुंडेश्वरी रोड पर पेट्रोल पंप के सामने मामूली बात पर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। इस दौरान धारदार हथियारों से लैस आधा दर्जन दबंगों ने आकाश व अजय नामक दो युवकों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला करते हुए उन्हें गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। घायलों में आकाश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था जबकि अजय को बेहद नाजुक हालत में उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीते दिवस उपचार के दौरान जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए अजय ने भी दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ धारा 323,504, 307, 302 के अलावा 34 आईपीसी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का पटाक्षेप किया।



**उठाला/रस्म पगड़ी**

**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।**
**न चौनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥**

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूजनीय पति श्री अमर नाथ चुघ जी का स्वर्गवास दिनाँक 25/02/2024 को हो गया था। जिनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनाँक 04.03.2024 दिन सोमवार** को दोपहर 1 से 2 बजे तक स्थान लक्ष्मी नारायण मन्दिर (पाँच मन्दिर) में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

मनोज छाबड़ा (भांजा)
(महामंत्री व्यापार मण्डल, रुद्रपुर)
सचिन छाबड़ा (भांजा)
(अध्यक्ष देवभूमि व्यापार मण्डल, गंगापुर ईकाई)

**आशा रानी ( पत्नी )**
सुनील चुघ-रेखा चुघ(पुत्र-पुत्रवधु)
राजन चुघ (पुत्र)
खुशबू-दीपक नारंग (पुत्री-दामाद)

**एवं समस्त चुघ एवं कालरा परिवार**
फोन: 9917156222, 9917300785

## नैनीताल सीट पर भट्ट के सामने कांग्रेस को बड़ी चुनौती

### कांग्रेस यशपाल आर्य या भुवन कापड़ी पर खेल सकती है दांव

■ **अनिल सागर**

ऊधम सिंह नगर। नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा का प्रत्याशी घोषित होने के बाद केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के सामने कांग्रंस को मजबूत दावेदार की तलाश करना चुनौती है। कांग्रेस से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी के साथ ही कई नाम सामने आ रहें है। भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री को नैनीताल ऊधमसिहनगर लोकसभा सीट से पुन: प्रत्याशी घोषित किया है। अजय भट्ट पिछले 6 माह से लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर जनता से



संवाद कर रहें थे। हालांकि भाजपा से किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, गदरपुर विधायक अरविंद पाण्डे समेंत कई दावेदार भी टिकट की दौड़ में थे लेकिन नैनीताल लोकसभा सीट से जातिगण समीकरण में अजय भट्ट ही फिट नजर आए। क्योंकि इस सीट अधिकतर हिस्सा पर्वतीय जिला नैनीताल की भीमताल, हल्द्वानी, कालाढुंगी, रामनगर,नैनीताल (शेष पृष्ठ सात पर)

### भट्ट का किला भेदना आसान नही

ऊधम सिंह नगर। नैनीताल उधम सिंह नगर क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट का किला भेंदना कांग्रेस के लिए इतना आसान नही है। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष के बाद सांसद के सफर में उनसे जमीनी कार्यकर्ता जुड़े हैं। लगातार लोकसभा में जनसम्पर्क भी उन्हें भाजपा हाईकमान की सबसे सुरक्षित सीट से टिकट मिलना भी भाजपा के गुड वर्क में शामिल है। इसलिए कांग्रेस को इस सीट पर बहुत सोच समझकर फैसला लेना होगा।

# अजय भट्ट को टिकट मिलने पर भाजपा में खुशी की लहर




किच्छा/खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अजय भट्ट को पुन: पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर नगर के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व की जहां भूरी भूरी प्रशंसा की है वही अजय भट्ट के पुन: प्रत्याशी बनाए जाने पर देर रात्रि से नगर में कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। देर रात्रि नगर पालिका के नामित पूर्व सभासद एवं सोशल मीडिया प्रभारी राजीव सक्सेना के नेतृत्व में तथा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता लवी सहगल के नेतृत्व में अलग-अलग स्थान पर जमकर मिष्ठान वितरण किया गया तथा आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई। डी डी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में राजीव सक्सेना ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी को नगर क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर भारी मतों से विजयी बनाकर भाजपा कार्यकर्ता यहां से भेजेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी का टिकट घोषणा होते ही उनके नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता वार्ड वार्ड और बूथ-बूथ पर कार्य करने के लिए जुट गए है। प्रत्येक व्यक्ति को घर से निकाल कर बूथ तक ले जाने में उनके द्वारा भरसक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर अजय सागर, पवन सागर ,सुभाष तनेजा ,सुभाष गंगवार, किशन गोयल ,राजीव सक्सेना, मनीष यादव, नरपत सिंह, विनोद रचित, महेंद्र ठाकुर ,किशन, आरिफ, रोहित सक्सेना ,जावेद सुरेंद्र, जसवंत लड्डू, जीत गंगवार, सचिन गंगवार ,अंशुल गंगवार और विपिन जलहोत्रा, अक्षय अरोड़ा ,अखंड प्रताप, अमरनाथ, किशोर गंगवार ,राजाराम, संजय शर्मा,किशोर राठौड़ ,हरीश खंडवानी सहित तमाम लोग मौजूद थे। किच्छा- वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाई ने दीनदयाल चौक पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने अजय भट्ट जी को दोबारा प्रत्याशी बनाकर सही मायने में लोकसभा क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने साढ़े 3 लाख वोटो से जीत दर्ज की थी लेकिन इस चुनाव में 5 लाख से अधिक वोटो से उनकी जीत होगी। भाजपा नेता लवी सहगल ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री सहित तमाम दायित्वों का सांसद भट्ट ने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन किया है और उत्तराखंड में उनकी पहचान समाज सेवक के रूप में बनी हुई है तथा अपनी निर्विवाद स्वच्छ छवि के चलते जनता के दिलों पर राज करते हैं। इस दौरान भाजपाइयों ने जोरदार आतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। मौके परमौके पर भाजपा नेत्री शैली फुटेला, पूनम अग्रवाल, दिनेश भाटिया, श्रीकांत राठौर, लवी सहगल, दया डसीला, अभिषेक सक्सेना, मीरा तिवारी, आरती दुबे, विवेक राय, सुजाहत यार खान, रेणुका तिवारी, प्रेमलता चौहान, शरीफ मलिक, विशाल चौहान, मुकेश राठौर, माधुरी विसेन आदि मौजूद रहे। **खटीमा**-भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर अजय भट्ट को पुन: लोकसभा उम्मीदवार घोषित किये जाने पर मिष्ठान वितरण किया। बीजेपी कार्यकर्ताओ ने उम्मीद जताई की इस बार चार सौ सीटो पर भारतीय जनता पार्टी विजयी होगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,नंदन खड़ायत, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, अमित कुमार पांडे, विवेक गुप्ता, नीता सक्सेना, विमला मुंडेला, विश्वनाथ यादव, अनुपमा शर्मा, रेनू भण्डारी, संतोष अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, महेंदर ठाकुर, तरूण ठाकुर, किशन बिष्ट, नवल वाल्मीकि, प्रमोद गहतोड़ी आदि उपस्थित थे।

## भाईचारा एकता मंच ने 101 महिलाओं को किया सम्मानित



रूद्रपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाई चारा एकता मंच की ओर से रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित पंचम नारी सम्मान समारोह में 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पीसीएस अधिकारी अमृता शर्मा, विशिष्ठ अतिथि विधायक शिव अरोरा ने कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों को भाईचारा एकता मंच के अध्यक्ष केपी गंगवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अयोध्या तक पैदल यात्रा करने वाले भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुशील गावा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। इस दौरान मंच पर अतिथियों ने सराहनीय कार्यों के लिए 101 महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अमृता शर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि शिव अरोरा ने भाईचारा एकता मंच द्वारा आयोजित नारी सम्मान समारोह एवं समाज हित में किये जा रहे अन्य कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर काजल गंगवार, साधना श्रीवास्तव, सुमन पंत, आशा शुक्ला, जानकी गोस्वामी, रेखा जोशी, मोहिनी बिष्ट, दीपा जोशी, ममता श्रीवास्तव, आशा मुंजाल, गीता देवी, आरती मौर्या, कंचन वर्मा, लक्ष्मी सैनी, छाया शर्मा, अंजू चौधरी, ज्योति कोली, सीमा राय, सरस्वती, विमला रावत, नीरू मिश्रा, नन्ही देवी, भावना सक्सेना, कविता श्रीवास्तव, रेनू जुनेजा, शीला चौधरी, संध्या गाईन, सीमा शर्मा, मीनू राय, काजल राघव, ज्योति दास, रजनी मौर्या, कविता मंडल, अनामिका मंडल, भावना गौतम, परमजीत कौर समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए जिला और स्टेट कंट्रोल रूम एक्टिव करने के निर्देश



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय में सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए विभिन्न विभागों के स्टेट नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हें उनके विभाग से जुड़ी ड्यूटी को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला और स्टेट कंट्रोल रूम को तत्काल एक्टिव करते हुए ड्राई रन शुरू कर दिया जाए। उन्होंने आबकारी विभाग व पुलिस विभाग को प्रवर्तन कार्यवाही हेतु इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ESMS) पर नियमित रिपोर्ट अपलोड करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आबकारी विभाग को जिला स्तर पर Liquor Monitoring Team(LMT) का गठन कर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टेट नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की है कि संबंधित विभागों के मतदान ड्यूटी में शामिल समस्त कार्मिकों का शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कर दिया जाए।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि मतदान ड्यूटी में तैनात कार्मिक के प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड किट समय से तैयार कर दी जाए। इसके अतिरिक्त आपातकाल परिस्थितियों के लिए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री प्रताप शाह, सहायक निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास समेत विभिन्न विभागों के स्टेट नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर के 13 चौराहों के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाए : डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के 13 चौराहों के चौडीकरण की बैठक लेते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जिन चौराहों के चौड़ीकरण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है उनका शीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने कहा जिन चौराहों के चौडीकरण हेतु सर्वे कार्य नही हुआ है 4 मार्च सोमवार तक संयुक्त रूप से सर्वे कर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चौडीकरण के दौरान जहां पेड आ रहे हैं। वन विभाग से वार्ता कर जो पेड ट्रान्सप्लांट हो सकते है उन्हें ट्रान्सप्लांट कर दिया जाए और जो नही हो सकते वन विभाग से समन्वय कर उक्त पेड़ों को समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जिन चौराहों के चौडीकरण में कोई विधिक समस्या नही है तथा किसी नोटिस पर सुनवाई लंबित नही है, उन चौराहों का चौडीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने होली ग्राउन्ड के पुनर्निर्माण हेतु अधिशासी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिये हैं कि धनराशि स्वीकृत कर दी है 24 घंटे कार्य कर होली महोत्सव से पूर्व कार्य समाप्त करना सुनिश्चित करें। जिलाधि



कारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि बेस व महिला चिकित्सालय में आईसीयू एवं अन्य मशीनें शिफ्ट होनी है इसके लिए तकनीकी कम्पनियों से वार्ता कर शीघ्र शिफिटिंग का कार्य किया जाए। इसके लिये चिकित्सालय द्वारा वैकल्पिक भवन का चिन्हिकरण कर दिया है। उन्होंने कहा यह चौडीकरण शहर के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। विद्युत पोल, पेयजल लाइन शिफ्टिंग तथा जिन सरकारी संपत्तियों की दीवारें ध्वस्तीकरण से प्रभावित हुई हैं, उन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। निजी संपत्तियों के अतिक्रमण हेतु जो नोटिस निर्गत किए गए हैं, उनमें से अवशेष नोटिसों पर समिति द्वारा शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण किया जाना है, नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि उक्त कार्य अगले सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जाए, ताकि उच्च न्यायालय में समय से रिपोर्ट प्रेषित की जा सके। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के साथ ही लोनिवि, विद्युत, जलसंस्थान तथा सिचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# एसएसपी ने 40 उप निरीक्षकों को किया स्थानांतरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद के 40 उपनिरीक्षको का स्थानांतरण किया है। जिनमें उ०नि० रविन्द्र सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रभारी एएनटीएफ, उ०नि० प्रकाश पोखरियाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एफएफयू, उ०नि० मनोज कुमार यादव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से साईबर सैल, उ०नि० प्रमोद पाठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उ०नि० संजीत राठौर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रभारी एसओजी, उ०नि० सुशील चंद्र जोशी प्रभारी चौकी टीपी नगर से प्रभारी चौकी हीरानगर, उ०नि० दिनेश चंद्र जोशी पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव, उ०नि० पंकज जोशी साइबर सैल से थानाध्यक्ष मुखानी, उ०नि० भुवन सिंह राणा थानाध्यक्ष खनस्यू से थानाध्यक्ष चोरगलिया, उ०नि० भगवान सिंह महर पुलिस लाईन से थानाध्यक्ष कालाढूंगी, उ0नि0 प्रकाश सिंह मेहरा पुलिस लाईन से व0उ0नि0 थाना मल्लीताल, उ0नि0 रोहताश सागर व0उ0नि0 भवाली से थानाध्यक्ष खनस्यूँ, उ0नि0 अनीस अहमद प्रभारी एसओजी से थानाध्यक्ष बेतालघाट, उ0नि0 दिलीप कुमार प्रभारी चौकी खैरना से प्रभारी चौकी रामगढ़, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार प्रभारी चौकी मंगोली से प्रभारी चौकी खैरना, उ0नि0 प्रेमराम विश्वकर्मा एफएफयू से व0उ0नि0 थाना भवाली, उ0नि0 त्रिवेणी प्रसाद जोशी फोरेन्सिक सेल से चुनाव कार्यालय, उ0नि0 सादिक हुसैन पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी ओखलकाण्डा, उ0नि0 नीरज चौहान



पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी हाईकोर्ट, उ0नि0 देवेन्द्र सिंह राणा प्रभारी चौकी ओखलकाण्डा से प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव, उ0नि0 तारा सिंह राणा थाना रामनगर से प्रभारी चौकी छोई, उ0नि0 जोगा सिंह प्रभारी चौकी छोई से थाना रामनगर, उ0नि0 दीपक बिष्ट प्रभारी चौकी ढैला से प्रभारी चौकी टीपीनगर, उ0नि0 सोमेन्द्र सिंह प्रभारी चौकी हल्दुचौड़ से प्रभारी चौकी बिन्दुखत्ता, उ0नि0 गौरव जोशी प्रभारी चौकी बिन्दुखत्ता से प्रभारी चौकी हल्दूचौड़, उ0नि0 मनोज सिंह अधिकारी थाना मुखानी से प्रभारी चौकी लामाचौड़, उ0नि0 सुनील गोस्वामी पुलिस लाईन से थाना मुखानी, उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह मेहता प्रभारी चौकी रामगढ़ से प्रभारी चौकी मंगोली, उ0नि0 विजय कुमार प्रभारी चौकी सलड़ी से प्रभारी चौकी धानाचूली, उ0नि0 विजय कुमार प्रभारी चौकी धनाचूली से प्रभारी चौकी सलड़ी, म0उ0नि0 रजनी आर्या थाना बेतालघाट से थाना मुखानी, उ0नि0 बलवन्त काम्बोज प्रभारी एएनटीएफ से प्रभारी चौकी ढैला, उ0नि0 मनोज कोठारी एसआईएस से व0उ0नि0 थाना हल्द्वानी, म0उ0नि0 मंजू ज्याला व0पु0अ0 कार्यालय से प्रभारी एएचटीयू, म0उ0नि0 बबीता थाना बनभूलपुरा से थाना हल्द्वानी, म0उ0नि0 प्रेमा कोरंगा पुलिस लाईन से थाना बेतालघाट, म0उ0नि0 राजकुमारी पुलिस लाईन से थाना रामनगर, म0उ0नि0 दीपा जोशी पुलिस लाईन से थाना तल्लीताल, म0उ0नि0 मीनू गौतम पुलिस लाईन से थाना काठगोदाम तथा म0उ0नि0 भावना बिष्ट पुलिस लाईन से थाना हल्द्वानी स्थानांतरित किए गए हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अनहद ग्रुप ने जीता टी 20 कार्निवाल क्लैश कप का पहला मैच

## विधायक अरविंद पाण्डे ने किया टूर्नामेंट का शुभारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। टी-20 कार्निवाल क्लैश क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मैच का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अरविंद पांडे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान श्री पाण्डे ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच अनहद सीड्स और वोल्टस लिमिटेड के बीच खेला जा रहा है। जबकि पहला मैच आज अनहद सीड्स और पान सीड्स की टीम के बीच खेला गया। अनहद सीड्स टीम के कप्तान ने टॉस जीतते हुये पहले बल्लेबॉजी करने का निर्णय लिया गया और 107 रन से मैच जीत लिया। अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया द्वारा बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ कार्निवाल क्लैश का आयोजन कराया जा रहा है। रविवार को कार्निवाल क्लैश टूनामेंट का पहला मैच अनहद ग्रुप और पान सीड के द्वारा एमेनिटी स्कूल के ग्राउंड में खेला गया जिसमें अनहद ग्रुप की टीम ने पहले बल्ले बाजी करते हुए 218 रन बनाए वही पान सीड की टीम बल्लेबाजी करते हुए 111 रन ही बना पाई जिसमे अनहद ग्रुप ने 107 रनो से प्रथम मैच जीत कर जीत हासिल की। इस अवसर पर अनहद इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया ने कहा कि कि इंड्रस्ट्रीज में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ का ध्यान रखते हुए टी 20 क्रिकेट मैच का किया गया है। एक दिवसीय क्रिकेट मैचों के सहयोगी के रूप में अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज,पान सीड्स,ओलिविया सीड्स, सीड्स ऑफ अनहद,श्री सीड्स, गुरु माँ डेंटल,गुरु माँ इंटरप्राइजेज, सहित मीडिया पार्टनर के रूप में अमर उजाला, उत्तरांचल दर्पण व उत्तराखंड का गौरव (सोशल मीडिया) अपनी सहभागिता निभा रहे है। टूर्नामेंट के आयोजक के रूप में अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया,एमडी राहुल हुड़िया, वोल्टास प्राइवेट लिमिटेड के प्रोसेस हेड सत्या वीके सिंह, वोल्टास प्राइवेट लिमिटेड के एचआर हेड जितेंद्र अधिकारी, पांच सीट्स के प्रोडक्शन हेड संपूर्णानंद प्रजापति, अनहद इंडस्ट्रीज के प्लांट हेड नरेश अरोड़ा मौजूद थे।







# मोटा धान बीज की दर 4880 रू प्रति कुन्तल निर्धारित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सीड्स एवं तराई विकास निगम द्वारा खरीफ-2024 में विक्रय हेतु उपलब्ध विभिन्न फसल प्रजातियों के प्रमाणित बीजों की राज्य में फुटकर बिक्री दर निर्धारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/प्रबन्ध निदेशक उदयराज सिंह की अध्यक्षता में उप समिति की बैठक हुई। बैठक में फसल प्रजातियों के प्रमाणिक बीजों की दर निर्धारण हेतु विचार-विमर्श कर दरों का निर्धारण किया गया, अब खरीफ 2024 में टीडीसी द्वारा राज्य में धान, उर्द, सोयाबीन, काला भट्ट, मूंग, गहत, मंडुआ, मादिरा, रामदाना बीज समिति द्वारा निर्धारित दरों पर बिक्रय किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार मिलेट को बढ़ावा दे रही है इसलिए पर्वतीय फसलें मोटा अनाज को बढ़ावा देने हेतु प्रयास किये




जाये।समिति द्वारा प्रदेश में बिक्रय हेतु धान बीज मोटा प्रजाति 4880 रू0 प्रति कुन्तल, इसी प्रकार धान बीज मध्यम महिन प्रजातियां रू0-4935, धान बीज पीवी 1509 रू0 6760, धान बीज पीवी-1637 रू0-7680, धान बीज पर्वतीय प्रजातियां रू0 5455, उर्द बीज समस्त प्रजातियां रू0 15185, सोयाबीन रू0 9972, काला भट्ट बीएलएस-65 रू0 10303, मूंग बीज रू0 15342 प्रति कुन्तल व गहत बीज समस्त प्रजातियां 29205 रू0, मादिरा बीज रू0 8035, मंडुआ बीज रू0 7585 व रामदाना बीज समस्त प्रजातियां रू0 20735 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया। बैठक में मुख्य प्रबन्धक फर्म पंतनगर विश्व विद्यालय डा0 जयंत सिंह, कृषि निदेशक किच्छा अंकुर पपनेजा, कृषि निदेशक बिलासपुर क्षेत्र हरभजन सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी डा0 अजय कुमार वर्मा, बिपणन अधिकारी दिगम्बर प्रसाद, जीसी तिवारी, पीके सिंह आदि उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला गायब, गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक महिला घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गुमशुदगी की दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला पक्काकोट काशीपुर निवासी फरीद की पत्नी शबनम बीते 22 फरवरी की सुबह लगभग 11:00 बजे परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर महिला की तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू किया है।

# इम्पिरीयल ऑटो इंडस्ट्रीज में किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी रुद्रपुर के द्वितीय वर्ष के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 44 छात्रों ने इम्प्रीयल ऑटो इंडस्ट्रीज में औद्योगिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण का आयोजन ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन की देख रेख में किया गया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को ईंधन इंजेक्शन ट्यूब, उच्च दबाव हाइड्रोलिक नली, नायलॉन ट्यूब और ब्रेक नली जैसे प्रभागों की खोज के बारे में बताया एवं औद्योगिक दौरे हमारे डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो छात्रों को सैद्धांतिक अवधारणाओं की व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैं। इंपिरियल ऑटो



इंडस्ट्रीज विभिन्न प्रकार के पार्ट्स का निर्माण करती है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच.आर. हेड अनूप सिंह द्वारा कराया गया। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए। छात्र- छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की अध्यापिका शिल्पा विश्वकर्मा के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# नयागांव स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरमत समागम में संगत हुई निहाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। नयागांव स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित गुरमत समागम में पटियाला से आए अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन के आधार पर पक्के रागों में विभिन्न शब्दों का गायन किया गया। इस दौरान कथावाचक ज्ञानी गुज्जर सिंह एवं ज्ञानी नरेंद्र सिंह द्वारा भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। ग्राम नयागांव स्थित गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार समाजसेवी हरिंदर सिंह लाडी ने बताया कि संगत के सहयोग से और गुरु की कृपा से समय-समय पर गुरमत समागम आयोजित किए जाते हैं जिससे संगत को गुरु की बाणी एवं अन्य सिद्धांतों से अवगत कराए जाने के लिए प्रयास किए जाते हैं यह सब गुरु की कृपा से होता है।

# व्यय निगरानी तंत्र की टीमों को दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मद्देनजर विकास भवन सभागार में व्यय निगरानी तंत्र की टीमें एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी व लेखा टीमों को मास्टर ट्रेनर द्वारा दो पालियो में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सम्बोधित करते हुये मुख्य विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी कार्मिक मनीष कुमार सभी टीम सदस्य प्रशिक्षण को गम्भीरता से ले तथा किसी भी प्रकार की शंका हो तो उसका सामाधान प्रशिक्षण में अवश्य कर ले, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या अथवा कठनाई का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि निर्वाचन में प्रत्याशी निर्धारित व्यय से अधिक व्यय को प्रभावी ढ़ंग से रोकने हेतु व्यय निगरानी तंत्र का दायित्व है, जिससे निर्वाचन को बिना किसी धन-बल प्रभाव के निष्पक्ष, पारदर्शिता से सम्पन्न कराया जा सकें। उन्होने कहा कार्या में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी।नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय/मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि निर्वाचन आयोग का प्रयास होता है कि सभी प्रत्याशियों को समान अवसर मिले इसलिये निर्धारित व्यय के अनुसार निर्वाचन सम्पन्न हो किसी प्रकार प्रलोभन व अनुचित धन का प्रयोग न हो इसके लिये व्यय तंत्र की सभी टीमे सक्रियता से आयोग के निर्देशानुसार कार्यो का सम्पादन करेगें। उन्होने कहा कि सभी टीमें अपनी- अपनी तैयारियां कर ले जो भी दायित्व शौपे गये है उनका ससमय निर्वाहन करना सुनिश्चित करेगें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जुबक मोहन सक्सेना, नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल, सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनिल चौहान सहित एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी व लेखा टीम सदस्य उपस्थित थे।



# रामनगर में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायधीश सुबीर कुमार की अध्यक्षता में आगामी 09.03.2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वाधान में (शनिवार)को जिला नैनीताल मुख्यालय में स्थित जिला न्यायालय एवं वाह्य स्थित न्यायालय हल्द्वानी और रामनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल मामलें, बैंक लोन रिकवरी के मामले, बीमा संबंधित, मोटर दुर्घटना संबंधित, पारिवारिक वैवाहिक विवाद, चौक वाउन्स के मामलें, श्रम संबंधित विवाद, राजस्व संबंधित विवाद, बिजली पानी संबंधित विवाद, मोटर वाहन चालान और शमनीय प्रकृति के अपराधिक मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। कहा कि लोक



अदालत में सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित होने की स्थिति में सिविल वादों में अदा की गयी कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है। मामलें पक्षगण की आपसी सहमति से निस्तारित किये जाते है, तो इसमें अग्रेतर लिटिगेशन/अपील आदि को व्यतीत होने वाले समय एवं खर्च से बचा जा सकता है। जो मामले अभी माननीय न्यायालय के समक्ष नही आये हैं, जिसमें बैक लोन रिकवरी मामलों जैसे प्री- लीटिगेशन मामले, ऐसे मामलों में भी नियम - पॉलिसी अनुसार पूर्व निर्धारित ब्याज दर से कम की दर पर मामलें समझौते के आधार पर निस्तारित कर आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्रदान किये जाने का प्रयास निरन्तर बैठकों में किया जा रहा है। बताया कि अब तक प्री-लीटिगेशन एवं लंबित कुल लगभग 4200 (चार हजार दो सौ) मामलों लोक अदालत हेतु अब तक नियत किया जा चुका है। साथ ही यह अदालत प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जाती है। उन्होंने आम-जनमानस, स्टेक होल्डर से राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रतिभाग करने की अपील की।

# भाजपा सरकार ने बनाये विकास के कीर्तिमान: भट्ट

सितारगंज,शक्तिफार्म/किच्छा(उद संवाददाता)। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कई कार्यक्रमों में पहुंच कर केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाते हुये सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित हुये लोगों से संवाद किया। इस दौरान संसदीय क्षेत्र सितारगंज,किच्छा, शक्तिफार्म और रूद्रपुर में श्री भट्ट का जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत भी किया गया। **शक्तिफार्म**-गुरुग्राम में आयोजित सभा मे केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए आगामी लोकसभा और चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की।केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने बताया कि आजादी के बाद केंद्र के विपक्ष की सरकारों को गरीबों के लिए राशन ,मकान, गैस





,किसानों का ध्यान नहीं आया। लेकिन केंद्र मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद गरीबों को मकान ,राशन ,गैस ,किसानों के खाते में रुपए देकर उनको सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाया। उन्होंने बताया संसद में इतने सवाल उठाकर अपने क्षेत्र का रिकॉर्ड बनाके दिया। आज हम अपने पैरों पर खड़े हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद आज कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं देखें। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में टिकट जिसे भी मिले आप भाजपा के पक्ष में वोट देकर केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएं।आपके एक-एक बोट की कीमत ब्याज समेत विकास के रूप में विकास के रूप में चुकाई जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पौने 2 साल की सरकार में सितारगंज विधानसभा मे 7 करोड़ रुपए का कार्य धरातल में उतार चुके हैं। सौरभ बहुगुणा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूरे भारतवर्ष में तीन एक्वा पार्क स्वीकृत किया है ।जिसमें से 73 करोड़ की लागत से एक एक्वा पार्क सितारगंज विधानसभा में बनने जा रहा है। कहां शक्ति फार्म के राजनगर क्षेत्र में 90 करोड़ की लागत से आंचल की दूध ,आइसक्रीम फैक्ट्री व एक बेकरी प्लांट लगने जा रहा है। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, ग्राम प्रधान मनीषा दास, उप प्रधान असित मंडल,शिखा हालदार ,विजय बागला, मयंक अग्रवाल ,विधान दास, संजय बाछाड़ आदि शामिल थे।







# मंडलायुक्त ने किया जनसमस्याओं का समाधान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया। जिनमें से अधिकांश जन शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, विधाव पेंशन आदि से सम्बन्धित आई। जनसुनवाई में आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को तलब कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। मंजू देवी निवासी गली न0 03 नवाबी रोड, हल्द्वानी ने बताया कि 02 वर्षो पूर्व उनके विधवा पेंशन हेतु आवेदन किया था। लेकिन अभी तक प्रार्थिनी की पेंशन नहीं लग पायी है। जिसकी शिकायत मंजु देवी ने दीपक रावत से की। कुमाऊं आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रोवेशन अधिकारी वर्षा आर्या ने अवगत कराया कि उनके द्वारा मंजु देवी के विधवा पेंशन सम्बन्धित दस्तावेज पूर्ण कर लिए गये हैं और अगले माह से उनके खाते में विधवा पेंशन धनराशि 1500 रू0 आना शुरू हो जायेगी। शिकायतकर्ता सुरजीत कौर ने बताया कि उनकी दुकान ट्रासपोर्ट नगर मानपुर उत्तर भू-खण्ड में है जिस पर जमसैद अनसारी के द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिस पर आयुक्त ने चौकी प्रभारी को सम्बन्धित के खिलाफ



उचित कार्यवाही करते हुए दुकान को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये। चन्द्रा राणा निवासी ग्राम भरतपुर पटट्ी पाण्डे गॉव भीमताल ने शिकायत की कि उनके द्वारा 12 मुठ्ी भूमि अतुलेश खन्ना से ग्राम भरतपुर पटट्ी में भूमि क्रय की थी। जिस पर लोहे के एंगल लगा कर बाउण्ड्री भी कर दी गई थी। लेकिन जब मेरे द्वारा भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो दीपक पाण्डे द्वारा उसका विरोध किया जा रहा है और कार्य बाधित किया जा रहा है। जिस पर आयुक्त ने सम्बन्धित क्षेत्रीय पटवारी को मौका मुवायना कर कब्जा दिलाने के निर्देश दिये व सम्बन्धित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिकायर्ता पवन कुमार देओरा ने बताया कि उनके द्वारा सन् 1996 में मल्ला निग्लाट में 10 नाली 14 मुठ्ी और 1 नाली 11 मुठ्ी भूमि क्रय की गई थी जिसकी स्वामी गार्डनर थीं, जिस पर डुंगर सिंह का कब्जा था, जो मुझे सौंप दिया गया था। लेकिन सम्बन्धित भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे पर पुनः कब्जा दिलाने का अनुरोध किया गया है। जिस पर आयुक्त ने कब्जा धाराक को एक माह के भीतर क्रय/बनामा दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। देवकी देवी निवासी कोटाबाग बजूनियाहल्दू ने शिकायत की कि उनके द्वारा योगेश चन्द्र को आधा बीघा जमीन 11 लाख में विक्रय गई थी, जिसमें से उसके द्वारा 1.5 लाख की धनराशि नगद व शेष एक सप्ताह में चौक के माध्यम से दी जानी थी, लेकिन आतिथि तक न तो क्रेता द्वारा शेष धनराशि विक्रेता को दी गई और न ही विक्रेता द्वारा भूमि पर क्रेता को कब्जा दिया जा रहा है, और न ही धनराशि वापस की जा रही है। जिस पर आयुक्त ने क्रेता को शीघ्र शेष धनराशि विक्रेता के बैंक खाते में जमा करने और क्रेता को भूमि पर कब्जा देने के निर्देश दिए।

# मवेशियों को चराने गये युवक को भालू ने किया लहुलुहान

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सिडकुल फेस टू में मवेशियों को चराने गए युवक पर भालू ने हमला कर दिया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को आमखेड़ा, चोरगलिया निवासी मोहम्मद सुलेमान पुत्र गुलाम मुस्तफा करीब 11 बजे मवेशियों को चराने जंगल में गया था, जहां झाड़ियों से अचानक निकले भालू ने उस पर हमला कर दिया। लोगों के शोर मचाने पर भालू वहां से भाग निकला, जिसके बाद ग्रामीणों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। वन क्षेत्राधिकारी घनानंद चनियाल ने सिड़कुल के क्षेत्रीय प्रबंधक को सुरक्षा के मद्देनजर औद्योगिक क्षेत्र की घनी झाड़ियों को साफ कराने की अपील की।



साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से शाम के समय अकेले ना गुजरने की भी अपील की। बता दें कि करीब दो माह पूर्व भी सिडकूल कर्मी शक्तिफार्म निवासी 60 वर्षीय रविन सरदार पर भी भालू ने जानलेवा हमला कर दिया था,हमले मे श्रमिक की मौत हो गयी थी। भालू के आतंक से क्षेत्र के लोगो मे डर का माहौल है।

# वेंडिंग जोन में बनेंगी 130 दुकानें, मिलेगी कई सुविधायें

## हाईवे से उजाड़े गरीब ठेला,रेड़ी वालों को मिलेगी जगह,डीएम ने किया वेंडिंग जोन और ट्रचिंग ग्राउंड का निरीक्षण







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार व नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल के साथ कैनाल कालानी के पास चिन्हित वैंडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया व कैनाल कॉलोनी व यूपीसीएल के बीज नाले को सड़क तक कवर करने के निर्देश मौके पर दिये साथ ही कहा कि कैनाल कॉलोनी व यूपीसीएल के तरफ से पानी को इसी नाले डाला जिसपर नगर आयुक्त ने बताया कि दोनो तरफ के पानी को नाले में डालने के लिये 14 होल रखे गये है ताकि कूड़ा फंसने पर सफाई भी की जा सकें। जिलाधिकारी ने वैंडिंग जोन के अन्तिम छोर पर दोनो ओर महिला व पुरूष शौचालय भी बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि वैंडिंग जोन में हाइवे से हटाये गये गरीब ठेला, रेड़ी वालो को प्राथमिकता से जगह दी जायेगी ताकि उनका रोजगार संचालित हो सकें। नगर आयुक्त ने बताया कि दो सौ मीटर वैंडिंग जोन 10 से 18 मीटर तक की चौड़ाई है जिसके दोनो ओर दीवारें बनाकर मिट्टी भरान किया गया है, शीघ्र ही सुन्दर टाइलिंग की जायेगी व 9गुणा 11 फिट की कियोस्क की लगभग 130 दुकानें बनायी जायेगीं व रेड़ी, ठेली के लिये भी जगह दी जायेगी साथ ही पार्किगं व बैठने हेतु कुर्सियां भी लगायी जायेगीं। उन्होने बताया कि वैंडिंग जोन हेतु एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है यदि और अधिक धनराशि की आवश्यकता होगी तो नगर निगम अपने संसाधनों से लगायेगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने किच्छा रोड में ट्रचिंग ग्राउड की स्थलीय निरीक्षण किया। ट्रचिंग ग्राउड में हौराइजन सोलुशन कम्पनी जबलपुर द्वारा तीन ट्रोमल मशीनों से सालेडवेस्ट (कूड़ा) का सेग्रीगेशन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मार्च से पूर्व सभी कूड़े को सैग्रीगेट करने के निर्देश मौके पर दिये जिसपर हौराइजन सोलुशन कम्पनी के प्रबन्धक ने बताया कि आगामी 15 मार्च तक पुराने सभी कूड़े को सैग्रीगेट कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने मौके पर नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि वे सैग्रीगेशन से बने मिट्टी को उद्यान व कृषि विभाग के वार्ता कर मिट्टी की जांच कराये व मिट्टी का क्या उपयोग हो सकता है यह भी पता कर लें साथ ही उन्होने कहा कि जब ट्रचिंग ग्राउंड पुरी तरह खाली हो जायेगा तो यहा पर प्लांटेशन, सौन्दर्यीकरण कर विकसित कर कामर्शियल यूज के लिये तैयार किया जायेगा व सालेटवेस्ट हेतु नई साईड चिन्हित कर वहा पर प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जायेगा।

# श्रमिकों के शोषण के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन





पंतनगर(उद संवाददाता)।सिडकुल के उद्योगों में श्रमिकों के शोषण के विरुद्ध भारतीय मजदूर संघ के बैनरतले श्रमिकों ने ब्रिटानिया चौक पर सभा कर सिडकुल में दुपहिया वाहन रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट के माध्यम से उत्तराखंड श्रम सचिव को ज्ञापन भेजा गया। जिलाधिकारी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन कर रहे भारतीय मजदूर संघ के पांच प्रतिनिधियों को उप जिलाधिकारी ने कार्यालय में बुलाकर उनके साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रमिक समस्याओं हेतु एक जिला स्तरीय कमेटी बनी हुई है उसकी बैठक कर लुकास टीवीएस मजदूर संघ व अन्य कंपनियों में चल रही श्रमिक समस्याओं हेतु वार्ता करेंगे। जिसमें पीड़ित श्रमिक पक्ष के प्रतिनिधि व उक्त कम्पनी के प्रबंधन वर्ग को बुलाया जायेगा। सभा में भारतीय मजदूर संघ, उत्तराखंड के प्रदेशाध्यक्ष उमेश जोशी ने कहा कि जब उत्तराखंड में उद्योगों की स्थापना हुई तो इसका एक ही मकसद था कि उत्तराखंड के लोगों को रोजगार मिले जिसके कारण केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने इन्हें कई प्रकार की सब्सिडी दी लेकिन उद्योगपतियों ने उन सब्सिडी से अपना मुनाफा कमाकर सिर्फ अपना फायदा देखा। भारतीय मजदूर संघ, उत्तराखंड के पूर्व महामंत्री शेखरानन्द पांडेय ने कहा कि शासन, प्रशासन सब उद्योगपतियों से मिले हुए हैं। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री व उधम सिंह नगर जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा कहा कि सिडकुल, पंतनगर उत्तराखंड का एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है लेकिन पिछले 5-6 वर्षों से रुद्रपुर, श्रम विभाग में कोई नियमित उप श्रमायुक्त नहीं हैं, एक उप श्रमायुक्त हल्द्वानी श्रम विभाग में बैठते हैं। उनका सप्ताह में एक दिन के लिए रुद्रपुर, श्रम विभाग निश्चित किया गया है लेकिन वह भी सरकारी तंत्र के कार्यों में व्यस्त होने के कारण रुद्रपुर, श्रम विभाग में उपस्थित नहीं हो पाते हैं, रुद्रपुर, श्रम विभाग में सक्षम अधिकारी नहीं होने के कारण श्रमिक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है। इसलिए रुद्रपुर, श्रम विभाग में एक नियमित उप श्रमायुक्त की नियुक्ति होनी चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि रुद्रपुर, श्रम विभाग में एक सक्षम सहायक श्रमायुक्त की भी नियुक्ति की जानी चाहिए। जिसे वेतन, बोनस आदि अन्य विवादों पर सुनने का अधिकार प्राप्त हो, भारतीय मजदूर संघ, उत्तराखंड के पूर्व उपाध्यक्ष पूरन चन्द्र चौबे ने कहा कि सिडकुल का प्रबंधन यह सोच रहा है कि मजदूर लाचार है। भारतीय मजदूर संघ जिला उधम सिंह नगर के जिलामंत्री दीपेंद्र भट्ट कहा कि यदि लुकास टीवीएस मजदूर संघ व अन्य कंपनियों की समस्याओं का निस्तारण जल्दी नहीं किया गया तो हम पूरा सिडकुल बन्द कर सिडकुल चौक पर चक्काजाम करेंगे। सभा व रैली में भारतीय मजदूर संघ, उत्तराखंड के अध्यक्ष उमेश जोशी, प्रदेश मंत्री गणेश मेहरा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, पूर्व महामंत्री शेखरानंद पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष पूरन चन्द्र चौबे, पूर्व प्रदेश मंत्री दीपक अलमियां, भारतीय मजदूर संघ जिला उधम सिंह नगर के जिलामंत्री दीपेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह चौहान, सह-संगठन मंत्री बसन्त गोस्वामी, लुकास टीवीएस मजदूर संघ, नेस्ले मजदूर संघ, एडिएंट कर्मकार यूनियन, महिंद्रा कर्मकार यूनियन, पारले मजदूर संघ, ब्रिटानिया श्रमिक संघ, ब्रिटानिया कर्मकार यूनियन, डेना इंडिया श्रमिक संघ, उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ, रुद्रपुर, उत्तराखंड राज्य सहकारी कर्मचारी संघ, इंड्यूरेंस टेक्नोलॉजी वर्कर्स यूनियन, हैंकल मजदूर संघ, नेस्ले कर्मचारी संगठन, टेम्पो यूनियन, रुद्रपुर, राष्ट्रीय योगी सेना हिन्दू संगठन, इंटरार्क मजदूर संगठन, श्रमिक संयुक्त मोर्चा, उधम सिंह नगर, इंकलाबी मजदूर केन्द्र, मजदूर सहयोग केन्द्र, राने मद्रास इम्प्लाइज यूनियन आदि अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सैकड़ों मजदूर साथियों ने भागीदारी की।

## नाजायज चाकू सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भोला कॉलोनी मस्जिद के पास से अभियुक्त जफर पुत्र साबिर निवासी वार्ड नंबर 7 पंजाबी कॉलोनी



गदरपुर से 1 चाकू बरामद किया।जिसे उसके जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस लिया गया व अभियुक्त के विरुद्ध थाना गदरपुर में धारा-4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## हाईवे पर अनावश्यक कट्स को बन्द किया जाये: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि, समस्त नगर निकाय, जिला पंचायत, आर डब्लूडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ऐसी सड़कें जो अधूरी या क्षतिग्रस्त हालत में हो उनको चिन्हित कर उसके सुधार करने के लिए प्रस्ताव बना कर अतिशीघ्र शासन को प्रेषित करें ताकि समय से सड़कों को ठीक कर उनके कारण होने वाले दुर्घटनाओं को रोका जा सकें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों हेतु निर्धारित स्पीड लिमिट की जानकारी हेतु गति सीमा संकेतक लगाए जायें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एनएच से मिलने वाले लिंक मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाये एवं यातायात को निर्बाध रूप से संचालन हेतु अनावश्यक कट्स को बन्द किया जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का थर्ड पार्टी के माध्यम से ऑडिट कराया जाये। उन्होने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि रूद्रपुर से हल्द्वानी मार्ग में होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक साइन बोर्ड लगाऐं ताकि रात्रि में होने वाले दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, ओसी डॉ0 अमृता शर्मा, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि0 रूद्रपुर पी0सी0 पंत, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि0 खटीमा राजकुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी ऑनलाईन के माध्यम से जुड़े थे।



## योग्यता से अधिक महत्वाकांक्षी नहीं होना चाहिए: चैतन्य पुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धा पूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य ही सुनते हैं। चाहे व्यक्ति को वेद,शास्त्र, पुराणों का ज्ञान चाहे ना हो। आज हमारे परिवार की देश की व समाज की जो दुर्दशा हो रही है विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे। प्रयास के साथ-साथ प्रभु से उनकी कृपा की याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थना भी करनी चाहिए। उक्त उद्‌गार श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दृढ़ता, संयम, त्याग व तद्‌नुकुल आचरण इन चारों के एकत्रित होने पर ही सफलता प्राप्त होती है। योग्यता से अधिक महत्वकांक्षी नहीं होना चाहिए। भूतकाल से प्रेरणा लें, भविष्य के लिए योजना चाहे बनाए, लेकिन जीएँ वर्तमान में। सबसे महत्वपूर्ण समय वर्तमान है उसका उत्तम से उत्तम उपयोग करें। सबसे महत्वपूर्ण काम वर्तमान में जो तुम्हारे सामने है उसे सावधानी से संपन्न करें। सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति वह है जो वर्तमान में तुम्हारे सामने हैं उसके साथ सम्यक रीति से व्यवहार करें। साधु का वेष बनाकर भी समाज को धोखा देना महापाप है।कामनाओं को सीमित करें इनका कोई अंत नहीं। यह हृदय को पीड़ित करती हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा संत व महात्मा न तो अपने को संत और महात्मा मानता है ना घोषित करता है और ना दूसरों के द्वारा कहे जाने पर उसे स्वीकार करता है। विनम्र या नम्रता की दृष्टि से नहीं,वह सर्वत्र भगवान की महिमा को देखते हैं और उसी में सहज स्थित रहता है, वह त्याग का भी त्यागी होता है, किसी प्रकार के गर्प, दर्प, अभिमान उसके पास फटक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जगत की यथासामर्थ्य सेवा तथा परमात्मा व संतों से प्रेम करो। संतो, शास्त्रों व अवतारों को मात्र अपनी कमियां छुपाने की ढाल ही ना बनाएं उनसे प्रेरणा शिक्षाएं उपदेश भी ग्रहण करके अपने जीवन में उतारे। दिनभर लगातार आश्रम में भक्तों का ताँता लगा रहा।



## लोकसभा चुनाव के बाद होगा व्यापार मण्डल चुनाव: भुड्डी

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने कहा कि जब तक व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो जाता तब तक सभी इकाइयों के पदाधिकारी कार्यवाहक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह करते रहेंगे। अनाज मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने कहा कि व्यापार मंडल गदरपुर इकाई ने अपने 3 वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करके स्वेच्छा से पद मुक्त होने का ऐलान करके एक मिसाल कायम की है उन्होंने बताया कि ऋषिकेश में होने वाली व्यापार मंडल की प्रदेश स्तरीय बैठक में व्यापारियों के लिए नासूर बनते जा रहे जीएसटी व अन्य काले कानून के सरलीकरण के लिए अग्रिम रणनीति तय की जाएगी । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद व्यापार मंडल के चुनाव करवाए जाएंगे। तब तक अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला एवं कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा के अलावा अन्य पदाधिकारी कार्यवाहक के रूप में कार्य करते रहेंगे।



## प्रत्याशी घोषित किये जाने पर अजय भट्ट को दी बधाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को पुन: नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किये जाने पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए सांसद अजय भट्ट को बधाई दी है। जारी बयान में रामपाल सिंह ने कहा कि अजय भट्ट जमीन से जुड़े सहज और सरल लोकप्रिय जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने अपनी कार्यशैली से न सिर्फ जनता के बीच अलग पहचान बनाई है बल्कि इस लोकसभा क्षेत्र में विकास के नये आयाम भी स्थापित किये हैं। हाल ही में जमरानी बांध, अमृतसर तक ट्रेन चलाने की जो स्वीकृति मिली है उसमें केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट का विशेष प्रयास रहा है। इसके अलावा केन्द्र से कई अन्य परियोजनाओं को भी धरातल पर उतारने में अजय भट्ट का विशेष योगदान रहा है। केन्द्रीय मंत्री भट्ट न सिर्फ जनता के बीच लोकप्रिय रहे हैं बल्कि कायकर्ताओं में भी उन्होंने अपनी अच्छी छवि बनाई है। हर कार्यकर्ता उन्हें अपना आदर्श मानता है। वह सर्वसुलभ जन प्रतिनिधि हैं। उन्होंने कभी भी कार्यकर्ताओं और आम जनता को निराश नहीं किया।ऐसे कर्मयोगी को पुन: लोकसभा चुनाव का टिकट देकर पार्टी हाईकमान ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान किया है। रामपाल सिंह ने कहा कि पूरे देश में माहौल भाजपा के पक्ष में हैं। नैनीताल उधम सिंह नगर सीट के साथ ही प्रदेश की पांचों सीटें इस बार भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## देश की अर्थव्यवस्था

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है। हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा। मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है। माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं। मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है। जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक रेपो दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। पिछले आंकड़ों में सबसे अधिक महंगाई सब्जियों, दूध, फल और अंडे वगैरह की कीमतों में दर्ज की गई थी। ऊंची विकास दर के समांतर यह सवाल भी लगातार बना हुआ है कि इसी अनुपात में लोगों की क्रयशक्ति क्यों नहीं बढ़ पा रही। क्रयशक्ति न बढ़ने से घरेलू बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कुछ दिनों पहले जारी हुए उपभोग खर्च संबंधी आंकड़ों से जाहिर है कि लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दो गुना हो गया है, जबकि उनकी आमदनी में उत्साहजनक बढ़ोतरी नहीं हो पाई है। गरीबी के पैमाने को लेकर भी अंगुलियां उठती रही हैं, जिसके आधार पर करीब तेईस करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा किया जा रहा है। अब तो योजना आयोग का कहना है कि केवल पांच फीसद लोग ही गरीब हैं। जबकि इसका दूसरा पहलू यह है कि सरकार खुद करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज वितरित करने का श्रेय लेती है।

# जेल प्रशासन पर निर्दोष को जेल में बंद करने का आरोप

## सिडकुल के एसएसबी मुख्यालय के पीछे नदी का मामला

सितारगंज (उद संवाददाता)। सिडकुल की कैलाश नदी में जेल प्रशासन की भूमि पर अवैध खनन के संदेह पर जेल प्रशासन ने छापेमार कार्रवाई कर हड़कम्प मचा दिया। जेल प्रशासन मौके से पंचर लगाने वाला ट्रैक्टर समेत दो वाहन ले आया। इस दौरान एक संदिग्ध को जेल प्रशासन हिरासत में लेकर केंद्रीय कारागार के कार्यालय में पूछताछ के लिए उठा लाया जिससे भडके खनन कारोबारी सेंट्रल जेल पहुंच गए। उन्होंने बिना आदेश, बिना वारंट संदिग्ध को सेंट्रल जेल में बंद करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। करीब पांच घंटे तक संदिग्ध से जेल के भीतर पूछताछ की गई। इस दौरान सितारगंज, सिडकुल चौकी पुलिस टीम देर रात तकसेंट्रल जेल में जिम्मेदारों से वार्ता करती रही। सिडकुल सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय के पीछे बहने वाली कैलाश नदी के आसपास जेल प्रशासन खुद के स्वामित्व की भूमि का दावा कर रहा है। शनिवार शाम जेल प्रशासन बंदी रक्षकों के साथ गश्त पर निकला यहां खनन क्षेत्र में जेल की भूमि पर अवैध खनन का संदेह होने पर टीम ने मौके पर छापेमार कार्रवाई की टीम को देखकर कुछ वाहन स्वामी मौके से भाग गए। इस दौरान टीम ने नदी में पंचर मशीन शिफ्ट ट्रैक्टर समेत दो वाहनों को कब्जे में ले लिया मौके से टीम ने एक संदिग्ध को उठा लाई संदिग्ध को उठाने पर हंगामा खड़ा हो गया। टीम के पीछे ही गांव के लोग और खनन कारोबारी भी सेंट्रल जेल पहुंच गये उकरौली के पूर्व प्रधान मदन लाल ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन ने कैदियों को साथ मिलाकर छापेमार कार्रवाई की है जो किसी भी तरह से वैधानिक नही है आरोप लगाया कि अगर जेल की भूमि में खनन किया जा रहा था तो जेल प्रशासन पुलिस, प्रशासन को सूचना देता मगर जेल प्रशासन ने बिना आदेश, बिना वारंट निर्दोष व्यक्ति को पकड़कर जेल में ठूंस दिया। करीब पांच घंटों से सेंट्रल जेल में निर्दोष व्यक्ति को बंद कर रखा है। पीड़ित को प्रताड़ित किया जा रहा है इस दौरान एसएसआइ हरविंदर कुमार, सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

### अवैध खनन के मामले में बर्खास्त हो चुके पूर्व जेल अधीक्षक

सितारगंज। एसएसबी मुख्यालय के निर्माण से पूर्व जेल की भूमि में जमकर अवैध खनन किया गया था तब तत्कालीन जेल अधीक्षक को अवैध खनन के जिम्मेदार मानते हुए शासन ने बर्खास्त कर दिया था तत्कालीन कांग्रेस सरकार में जेल की करीब 80 एकड़ भूमि में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का खुलासा हुआ था पूर्व मुख्यमंत्री ने अवैध खनन के मामले में मुख्य सचिव से जांच कराई थी जिसमें पूर्व जेल अधीक्षक पर बड़ी कार्रवाई की गई थी।

### तो अब अवैध खनन के मामले की आगे बढ़ेगी जांच

सितारगंज। जेल प्रशासन ने जिस भूमि में अवैध खनन को लेकर छापेमार कार्रवाई की है बताया जाता है कि वह भूमि जेल प्रशासन के स्वामित्व वाली भूमि है जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम जेल के स्वामित्व वाली भूमि पर कुछ लोग अवैध खनन कर रहे थे जो पेट्रोलिंग टीम को देखकर भाग गए हालांकि वरिष्ठ जेल अधीक्षक अनुराग मलिक अवकाश पर है उन्होंने पूरे प्रकरण में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है उनका कहना है कि अवकाश से आने के बाद प्रकरण की जानकारी लेने पर ही मामले में वैधानिक जानकारी दी जाएगी। जेल की भूमि में अवैध खनन को लेकर की गई कार्रवाई की हर तरफ चर्चा है अवैध खनन के लिए पूर्व से सिडकुल के कुछ क्षेत्र चिहिंत रहे है जेल प्रशासन ने अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई कर प्रशासन को सचेत किया है स्थानीय प्रशासन अवैध खनन के मामले में अब सिडकुल क्षेत्र में किये जा रहेअवैध खनन, भंडारण को लेकर जांच आगे बढ़ायेगा या नही है यह सवाल भी खड़ा है।

# व्यापारी से दो लाख का माल लेकर थमा दिया फर्जी चेक

काशीपुर(उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप चौराहे के समीप लाइट एंड म्यूजिक कॉर्नर के नाम से शो रूम चलाने वाले प्रतिष्ठित व्यापारी से एक शातिर दिमाग ने 1 लाख 80 हजार रुपए ठग लिए। मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने आरोपी को चौकी में बुलाकर दोनों पक्षों के बीच रकम अदायगी को लेकर लिखित समझौता कराया था लेकिन आरोपी ने वादा खिलाफी कर कानून का माखौल उड़ा दिया। पैसे मांगने पर वह पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी दे रहा है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला काजीबाग निवासी असित अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय जय भगवान अग्रवाल ने बताया कि छतरी चौराहे पर लाइट एंड म्यूजिक कॉर्नर के नाम से उसका शोरूम है। वर्ष 2022 की 17 दिसंबर को लालपुर थाना कुंडा निवासी आसिफ उर्फ अयान रजा व उसके पिता रईस अहमद उसकी दुकान पर आए और तीन एयर कंडीशन, एक वॉशिंग मशीन, दो इनवर्टर तथा चार बैटरी की 2,02098 लाख रुपए में खरीदारी की। इस दौरान पिता पुत्र ने 50000 नगद भुगतान किया और बकाया रकम 1,80000 का पंजाब नेशनल बैंक का 12 फरवरी 2023 का चेक दे दिया। शिकायतकर्ता ने उसकी बात पर विश्वास कर उन्हें सामान दे दिया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब उसने बैंक में चेक लगाया तो चेक बाउंस हो गया। फोन पर संपर्क करने पर आसिफ उर्फ अयान रजा ने व्यापारी का फोन उठाना बंद कर दिया। 2023 की 6 मई को कटोराताल चौकी पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देने पर तत्कालीन चौकी इंचार्ज ने आरोपी पक्ष को बुलाकर दोनों के बीच राजीनामा करा दिया। गणमान्य लोगों के बीच स्टांप पर लिखित रूप में तय पाया गया कि छह किस्तों में 6 माह के भीतर बकाया रकम भुगतान किया जाएगा लेकिन मामले में पुलिस की दखलअंदाजी को भी आरोपियों ने सिरे से नकार दिया। व्यापारी ने हालिया आरोपियों से फोन पर संपर्क किया तो दूसरी ओर से कहा कि जान की खैर चाहते हो तो पैसे भूल जाओ वरना अंजाम बहुत बुरा होगा। समूचा प्रकरण पुलिस के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद अब तक आरोपी के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। बता दें व्यापारी के रुपए हड़प करने वाले आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है। वह पूर्व में संगीन मामलों में जेल जा चुके हैं।

# सीएम धामी ने दी बधाई

देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित होने के बाद सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जनता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। प्रधानमंत्री मोदी युगपुरुष और युगदृष्टा हैं। उन्होंने भारत का अभूतपूर्व विकास कर जनकल्याण का इतिहास रचा। अब विकसित भारत का संकल्प भी उनके नेतृत्व में पूरा होगा। इस संकल्प को पूरा करने में मुझे भी गिलहरी की तरह योगदान देने का पुनः पार्टी ने मौका दिया है। टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से मेरा अत्यंत आत्मीय रिश्ता है। यहां की जनता ने तीन बार सांसद के रूप में चुनकर मुझे सेवा करने का सौभाग्य दिया। एक बार पुनः पार्टी ने अपने इसी परिवार की सेवा का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री देश की जनता के हृदय में हैं। उनके विराट नेतृत्व में भाजपा 400 से अधिक सीटें प्राप्त ऐतिहासिक सरकार बनाएगी। हर हृदय से आवाज आ रही है अबकी बार फिर मोदी सरकार।



# कांग्रेस भी प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार करने में जुटी

देहरादून। लोकसभा चुनाव में बड़े जनाधार से जुड़े एवं वरिष्ठ नेताओं की अनिच्छा के बावजूद कांग्रेस दिग्गजों पर ही दांव लगाने की तैयारी में जुट गई है। भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा का सिलसिला शुरू होने के बाद अब छह मार्च को होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पांचों सीटों के लिए प्रत्याशियों का पैनल तय करके केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दिया जाएगा। कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह समेत तमाम वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रति अनिच्छा जता चुके हैं। इस बीच पार्टी में लोकसभा के प्रत्याशियों के चयन को लेकर कसरत शुरू हो चुकी है। शनिवार को दिल्ली में होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक स्थगित हो गई जो अब छह मार्च को दिल्ली में होगी। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन भगत चरण दास, प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य शामिल होंगे। सभी मिलकर पांचों लोकसभा सीटों हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा व नैनीताल के लिए तीन-तीन प्रत्याशियों का पैनल तय करेंगे। पैनल के ये नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दिए जाएंगे। इसके बाद पार्टी आलाकमान प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करेगा। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दिग्गजों को ही मैदान में उतारने की तैयारी की है। माना जा रहा है कि मार्च के दूसरे सप्ताह तक कांग्रेस सभी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर देगी।



# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हल्द्वानी के पदाधिकारियों ने फुटकर विक्रेताओं की एक बैठक निजी बैंकट हॉल में आयोजित की। सर्वप्रथम संस्था के दिवंगत सदस्य स्वर्गीय दीपक अग्रवाल व स्वर्गीय जयदीप सिंह बिष्ट को श्रद्धांजलि दी गयी। तत्पश्चात रिटेलरों द्वारा अपने व्यापार में हो रही कठिनाइयों से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इससे पूर्व में भी सभी पदाधिकारीयों ने होलसेल, रिटेल व जन औषधि केंद्रों के सदस्यों के साथ बैठकर




उनके सुझावों को जाना था। बैठक में हल्द्वानी क्षेत्र के कई वरिष्ठ फुटकर दवा व्यवसायों द्वारा सभी थोक व फुटकर विक्रेताओं को भरोसे में लेकर कार्य करने की सलाह दी गई। संस्था के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने विगत दिनों में संस्था द्वारा किये गये क्रियाकलापों को बिंदुवार बताया गया और कहा कि आज की बैठक में सभी दवा फुटकर व्यवसायों के सुझावों को जान लिया गया है और उनको समन्वय समिति के सम्मुख रखा जाएगा। संस्था के महामंत्री संदीप जोशी ने बताया कि हम लोगों द्वारा रिटेल और होलसेल से कुछ वरिष्ठ लोगों की एक कमेटी बना दी गई है जिसका कार्य होलसेलर व रिटेलर में समंजस स्थापित कर उनकी समस्याओं को दूर करना होगा। बैठक में कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, सहसचिव भारती राठौर, मीडिया प्रभारी हिमांशु वार्ष्णेय, पूर्व महामंत्री पंकज कंसल व राजेश जोशी सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।



# अल्पसंख्यक मोर्चा ने आयोजित किया बूथ स्नेह संवाद कार्यक्रम

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी देश भर में अल्पसंख्यक स्नेह संवाद यात्रा कार्यक्रम संचालित कर रही है इसी के तहत उत्तराखंड में अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के दिशा निर्देश में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फिकार अली के नेतृत्व में इस्लामनगर गदरपुर में बूथ स्नेह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन का जुल्फिकार अली व उनकी टीम द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में अल्पसंख्यक बूथ स्नेह संवाद कार्यक्रम करके भ्रांतियां को दूर करने की मुहिम चलाई जा रही है। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फिकार अली ने बताया कि 2014 के पहले की सरकारों ने अल्पसंख्यकों के लिए कुछ नहीं किया उन्हें वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती रही अब भाजपा की केंद्र में राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीजनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों तक पहुंचा जा रहा है। इस दौरान अंजार हुसैन, रासम अली, निसार अख्तर, शमशाद, सफी अहमद, हुसैन सकलेनी, आबिद हुसैन, बब्बू शाह, सानू, सैफ अली, फहद, शकील मियां सहित दर्जनों वार्ड वासी मौजूद रहे।

# मिलेट उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने की पहल सराहनीयः राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को वसंतोत्सव के अवसर पर राजभवन में लगी आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वसंतोत्सव के अवसर पर इस तीन दिवसीय आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी में चित्रकारों ने ग्रामीण एवं शहरी परिवेश, लोक परंपराओं, आध्यात्मिकता सहित उत्तराखंड की जीवंत संस्कृति का समृद्ध चित्रण करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार चित्रण किया। इसके अलावा फोटोग्राफर्स द्वारा प्राकृतिक चित्रों सहित जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रकार के सुन्दर फोटोग्राफ्स लगाए गए थे। राज्यपाल ने सभी चित्रकारों तथा फोटोग्राफरों से बातचीत की तथा उनकी बेहतरीन फोटो व पेंटिंग्स के लिए उनकी सराहना की और व्यक्तिगत रूप से कई चित्रकारों की पेंटिंग्स खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने इसके बाद फूड कोर्ट का अवलोकन किया। उन्होंने आईएचएम द्वारा मिलेट के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बारे में जानकारी ली और कहा कि मिलेट उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के लिए इस प्रकार की पहल सराहनीय है। आईएचएम द्वारा मोटे अनाज से कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए हैं जिन्हें लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया। इसके अलावा फूड कोर्ट में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए थे। यहां पर लोगों की खूब भीड़ रही। इस दौरान राज्यपाल ने वसंतोत्सव में लगे औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण भी किया और जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इन स्टालों में खरीदारी भी की और विक्रेताओं का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमारे उत्तराखंड के युवाओं और महिलाओं में स्किल, टेलेंट व पैशन है वह सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि जो पेंटिंग व कला को प्रदर्शित किया गया है वह बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि जो स्टॉल लगाए गए हैं उनमें महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद उनके परिश्रम का कमाल हैं। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव में अधिक लोग भागीदारी करें। राजभवन में वसंतोत्सव के दूसरे दिन आज लोगों की भारी भीड़ लगी रही। खराब मौसम के बावजूद वसंतोत्सव में लोगों में खासा उत्साह दिखा। लोगों ने पुष्प प्रदर्शनी के अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न स्टॉलों में लगे उत्पादों की जमकर खरीदारी की। वसंतोत्सव के दौरान आज के बाद उत्तराखण्ड औद्यानिक परिसर द्वारा कोरोमंडल फर्टिलाइजर प्रा0 लि0/मुरुगप्पा ग्रुप के उप महाप्रबंधक श्री राजशेखर जी बाडीगर द्वारा ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के संबंध में विस्तृत जानकारियां किसानों तथा विभागीय अधिकारियों एवं फील्ड कार्मिकों को उपलब्ध करायी गयी। वहीं पुष्प उत्पादकों व पुष्प क्रेताओं के मध्य सीध सामंजस्य स्थापित करने हेतु उत्तराखण्ड औद्यानिक बोर्ड द्वारा क्रेता-विक्रेता सभा का आयोजन भी इस दौरान किया गया। अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव विनोद कुमार सुमन सहित उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।





## वसंतोत्सव में लोक कलाकारों ने लोक संस्कृति की छठा बिखेरी

देहरादून(उद संवाददाता)। राजभवन में वसंतोत्सव 2024 में संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग के कलाकारों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान लर्निंग ट्री स्कूल, धर्मपुर के दिव्यांग बच्चों ने श्रीकृष्ण लीला का सुंदर प्रस्तुतीकरण दिया। उपस्थित दर्शकों ने खड़े होकर इन बच्चों की प्रस्तुति को सराहा और उत्साहवर्धन किया। लोक गायिका लता पांडे और कमला पांडे ने वसंत ऋतु पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किए। स्मृत तिवारी एवं साथियों द्वारा कुमाऊंनी होली गायन प्रस्तुत किए। थारू सांस्कृतिक समिति द्वारा भी मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक कला की झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया। अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव रविनाथ रामन, सचिव विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



## मिल स्वामी पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने शांतिपुरी निवासी ललित मोहन जोशी की शिकायत पर स्थानीय एक मिल स्वामी पर लाखों रुपए हड़पने आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने कुमाऊं आयुक्त को एवं जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को सौंप गए पत्र में कहां है कि महेंद्र ने गांव सुनहरा में 9.025 एकड़ भूमि का विक्रय 8751000 एकड़ की दर से किया था जिसका अनुबंध के तौर पर 20 लाख रुपए प्रथम बार भुगतान किया गया था तथा अलग-अलग चरणों में लगभग 80 लाख रुपए महेंद्र और उनके पुत्र दीपक को दिए गए थे। किंतु महेंद्र और उनके साझेदारों के बीच विवाद के चलते भूमि का अनुबंध की शर्तों के अनुसार कब्जा नहीं दिया गया। शिकायतकर्ता ललित मोहन जोशी के अनुसार जब विक्रयकर्ता द्वारा भूमि का अनुबंध पत्र तैयार नहीं किया गया तो उसके द्वारा यह शिकायत विभिन्न स्तर से की गई जिस पर उसके द्वारा विक्रयकर्ता द्वारा धोखाधड़ी करने के संज्ञान में आने के बाद कानूनी मदद ली गई जिसमें एसआईटी की जांच कराई गई । इस मामले में जिलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन को खुर्द बुर्द करने और बंधक रखने और उस पर निर्माण करने पर अग्रिम आदेश तक रोक भी लगा दी गई है। शिकायतकर्ता ललित मोहन जोशी का आरोप है कि विक्रेता महेंद्र द्वारा उक्त भूमि का सौदा उनसे करने के बावजूद अन्य दूसरे व्यक्ति से भी किया गया है जो कि उनके साथ बहुत बड़ा धोखा है। यह भी आरोप लगाया गया है कि बार-बार रुपए वापस करने की मांग करने के बावजूद भी महेंद्र द्वारा रुपए वापस नहीं किया जा रहे हैं और ना ही भूमि की रजिस्ट्री की जा रही थी जिस वजह से उन्हें न्यायालय में जाना पड़ा पीड़ित द्वारा और भी गंभीर आरोप विक्रेता महेंद्र पर लगाए गए हैं जिसकी जांच किच्छा पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

## कंपनी के फर्जी दस्तावेजों से मंगा लिया 50.70 लाख का माल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक कंपनी के फर्जी दस्तावेजों के सहारे दूसरी कंपनी से 50.70 लाख की धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है। पूर्व में भी इसी कंपनी के नाम से एक अन्य कंपनी से 32.87 लाख की ठगी की जा चुकी है। कंपनी के लेखा प्रबंधक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिडकुल के सेक्टर 10 प्लाट नंबर 15 स्थित बेलराईस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के लेखा प्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिनों मेटल ड्रीम इंडस्ट्रीज के मार्केटिंग हेड रक्षित ने उन्हें सूचना दी कि आपकी कंपनी के परचेज मैनेजर कुनाल शर्मा ने आपकी कम्पनी के दस्तावेजों के साथ दि नैनीताल बैंक लि०के खाते का 50 लाख 77 हजार 946 रूपये का का चेक मेडल ड्रीम इंडस्ट्रीज को दिया जिसके ऐवज में कॉपर क्वायल स्टिप मंगाई गयी। जिस पर कंपनी ने उक्त माल भेज दिया। तहरीर में लेखा प्रबंधक ने बताया कि कुनाल शर्मा नाम का कोई व्यक्ति उनकी कंपनी में कार्यरत नहीं है और न ही कंपनी ने इस माल का ऑर्डर दिया था। कंपनी के नाम से कोई शातिर फर्जी तथा कूटरचित दस्तावेज बनाकर तथा फर्जी परचेज आर्डर के माध्यम से अन्य कंपनियों से माल की ठगी करने की फिराक में है। कंपनी के जी०एस०टी० नं. तथा अन्य फर्जी दस्तावेजों व फर्जी मुहर इत्यादि का दुरूपयोग किया जा रहा है । इससे पहले भी उक्त कुनाल शर्मा इसी तरह दूसरी कंपनी से सीएमआर ग्रीन टैक्नोलॉजी लिमिटेड हरियाणा से भी 32 लाख 87 हजार 800 रूपये का माल मंगा चुका है। जिसकी रिपोर्ट पूर्व में दर्ज करायी जा चुकी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**करोड़ों की ठगी करने...**देकर सिरौलीकला तहसील किच्छा के खाता सं0-02097 के खसरा सं0-477 रकबा 0.230080 है0 भूमि खाद के गड्ढे में दर्ज सरकारी जमीन को अपनी जमीन बताकर बेचने के नाम पर 39 लाख रूपये ठगी करने का आरोप लगाया था। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक धीरज वर्मा के सुपुर्द की गयी। एसएसपी ने ठगी के फरार आरोपियों की गिरप्तारी के निर्देश दिये थे। जिस पर गठित टीम ने आरोपी मो0 आरिफ उर्फ बाबू पुत्र मोहब्बत शाह निवासी वार्ड न020 इन्द्रानगर सिरौलीकला थाना पुलभट्टा जिला उधम सिंह नगर मूल निवासी इस्लाम नगर वार्ड न0 03 थाना सितारगंज को भंगा भिल्लौर बहेडी बॉर्डर से मय एक तमंचे के साथ गिरफ्तर किया है। पूछताछ मे आरिफ उपरोक्त ने बताया कि उसने और मो0 अली ने मिलकर सिरौलीकला मे भूमि खाद के गड्ढे में दर्ज सरकारी जमीन को अपनी जमीन बताकर अकील व तौफीक को 39 लाख रूपये की ठगी की थी लोगो को डराने धामकाने व अपनी सुरक्षा के लिए यह तमंचा व कारतूस अपने पास रखा था। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने यह भी बताया गया कि उनके गिरोह का सरगना हाजी अबरार निवासी आवास विकास किच्छा है। हाजी अबरार और उसका साला जावेद और सितारगंज निवासी वाहिद मिलकर अवैध कालोनियां काटकर लोगों को स्टांप पर इसी प्रकार जमीन बेच देते हैं इन लोगों द्वारा किच्छा सितारगंज पुलभट्टा बहेड़ी आदि स्थानों पर इसी तरह फर्जी काम कर लोगों से लगभग चार करोड रुपए की ठगी करने की बात प्रकाश में आई है। पुलिस मामले में मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद शाह निवासी वार्ड नं0 20, इन्द्रानगर सिरौलीकलां की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक धीरज वर्मा, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह,का0 महेन्द्र सिंह,का0 दीपक विष्ट आदि शामिल थे।

**एसएसपी ने किये ...**भूपेन्द्र सिंह भाकुनी को पुलिस लाइन से थाना झनकईया, एएसआई रविन्द्र सिंह को थाना नानकमत्ता से थाना आईटीआई, एएसआई दीपक चौहान को थाना रूद्रपुर से थाना कुण्डा, एएसआई प्रकाश चन्द्र को पुलिस लाईन से थाना पुलभट्टा, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र शर्मा को कोतवाली सितारगंज से मालखाना मोहर्रिर कोतवाली सितारगंज, हेड कांस्टेबल नंदू जोशी को कोतवाली रूद्रपुर से मालखाना मोहर्रिर कोतवाली रूद्रपुर, हेड कांस्टैबल उपेन्द्र यादव को थाना जसपुर से नानकमत्ता, रणजीत प्रसाद को थाना काशीपुर से थाना किच्छा, गणेश चन्द्र को थाना काशीपुर से थाना केलाखेड़ा, दयानन्द को थाना बाजपुर से अभियोजन कार्यालय बाजपुर, संतोषी खड़ायत थाना काशीपुर कार्यालय पुलिस अधीक्षक काशीपुर, कांस्टेबल गंगा सिंह को पुलिस लाईन से थाना दिनेशपुर, विक्रम सिंह को पुलिस लाईन से थाना केलाखेड़ा, शंकर टम्टा को पुलिस लाईन से क्षेत्राधिकारी कार्यालय काशीपुर, दान सिंह को पुलिस लाइन से थाना काशीपुर, हिम्मत सिंह को थाना जसपुर से सीसीटीएनएस कोतवाली बाजपुर, रणवीर चौहान को थाना गदरपुर से थाना बाजपुर, दिनेश चन्द्र को थाना नानकमत्ता से थाना आईटीआई, राजेन्द्र प्रसाद को थाना जसपुर से थाना पुलभट्टा, ईशपाल आर्य को थाना जसपुर से थाना खटीमा, दिनेश तिवारी को थाना जसपुर से थाना आईटीआई, विजय कुमार को थाना काशीपुर से थाना केलाखेड़ा, मनोज कुमार को थाना काशीपुर से थाना किच्छा, हरि शंकर कन्याल को थाना काशीपुर से थाना किच्छा, पुष्पा बिष्ट को थाना काशीपुर से थाना बाजपुर, उमेश तोमक्याल को थाना आईटीआई से थाना पुलभट्टा, महेन्द्र सिंह नयाल को थाना आईटीआई से थाना किच्छा, महेन्द्र सिंह को थाना बाजपुर से थाना जसपुर, सुरेश चन्द्र को थाना बाजपुर से थाना आईटीआई, किरन मेहरा को थाना दिनेशपुर से ई-आफिस पुलिस कार्यालय, अरूणा चौधरी को एएनटीएफ से एसओजी रूद्रपुर, झिंगुरी राम को पुलिस लाइन से थाना खटीमा, ललित मोहन को पुलिस लाईन से थाना खटीमा, सीमा आर्या को थाना किच्छा से थाना पुलभट्टा, ममता को थाना रूद्रपुर से थाना पुलभट्टा, तनुजा कोरंगा को थाना पंतनगर से कोतवाली बाजपुर, मंजू आर्या को थाना किच्छा से कोतवाली बाजपुर, जगदीश चन्द्र को अभियोजन कार्यालय बाजपुर से कोतवाली काशीपुर, नीलम पंकज को थाना ट्रांजिट कैम्प से पुलिस अधीक्षक कार्यालय रूद्रपुर, धर्मेन्द्र भारती को थाना ट्रांजिट कैम्प से थाना कुण्डा, महेन्द्र डंगवाल को पुलिस लाईन से साइबर सैल पुलिस कार्यालय स्थानांतरित किया गया है।

**पहाड़ों पर जमकर..**का काम भी प्रभावित हो गया है। जोशीमठ-औली और चमोली-गोपेश्वर-मंडल-ऊखीमठ हाईवे पर भी बर्फ जम जाने से वाहनों की आवाजाही मुश्किल से हो पा रही है। चमोली जिले में बर्फबारी के बाद कई गांव बर्फ से ढक गए हैं। देवाल के गांवों में भी खेत खलिहान बर्फ से पटे हैं। बदरीनाथ, केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, गौरसों बुग्याल के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। औली में भी बर्फबारी के बाद भारी मात्रा में बर्फ जमी है।

**नैनीताल सीट पर ...**विधानसभा में पर्वतीय मूल के वोटर हैं। जबकि ऊधम सिंह नगर की 9 विधानसभा में खटीमा ,काशीपुर, बाजुपर में पर्वतीय वोट की तादात ज्यादा है। अजय भट्ट के सामने कांग्रेस अपना प्रत्याशी किसको उतारती है, ये बड़ी चुनौती है। सूत्रों की मानें इस सीट पर जातिगण समीकरण के हिसाब से नेता प्रतिपक्ष एवं बाजपुर विधायक यशपाल आर्य मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। यशपाल आर्य बाजपुर सीट से तीसरी बार विधायक है, जो कि कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष के पद पर रह चुके है। जिनकी कार्यकर्ताओं में अच्छी खासी पकड़ है। यशपाल आर्य का राजनैतिक अनुभव काफी लम्बा है। 1990 के दशक से पूर्व सीएम एनडी तिवारी खास माने जाने वाले यशपाल आर्य खटीमा से दो बार विधायक रहें है, तब खटीमा विधानसभा में सितारगंज,टनकपुर, चोरगलिया जुड़ा था। उत्तराखण्ड बनने के बाद नैनीताल की मुनस्यारी विधानसभा से दो बार विधायक रहें है। वर्तमान में बाजपुर विधानसभा से तीसरी बार विधायक है। जबकि उनके पुत्र संजीव आर्य भी नैनीताल विधानसभा से विधायक रह चुके है। इस लिहाज से उनकी लोकसभा में खासी पकड़ है। दूसरे मजबूत प्रत्याशी खटीमा विधायक भुवन कापड़ी का नाम भी सामने आ रहा है। जो पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को हराकर चुनाव जीते हैं। कापड़ी विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हैं और लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कार्यकर्ताओं के सम्पर्क में रहते है। इसके अलावा कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी दावेदारी कर रहें है। फिलहाल कांग्रेस के लिए इस सीट पर दावेदार फाईनल करना चुनौती से कम नहीं है।

**ट्रेन की चपेट में...**निकला। रात्रि लगभग 7:45 बजे फैक्ट्री कर्मी महुआ खेड़ा गंज स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि वह घटना के वक्त पैदल ड्यूटी जा रहा होगा लेकिन अपने गांव से आने के बाद फैक्ट्री कर्मी पूरे दिन कहां रहा इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक की शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे पर जनों की सुपुर्द कर दिया। मृतक अविवाहित था। वह तीन भाई एक बहन है। भाइयों में वह सबसे छोटा था। उसके दो भाइयों की शादी हो चुकी है जबकि एक बहन अभी अविवाहित है। अचानक घटी घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।


**सिपाही की फरार..**दी। जिसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन सिपाही की पत्नी हाथ नहीं आई। वह कहां गायब हो गई इसकी जानकारी किसी के पास भी नहीं है। सिपाही की पत्नी मूल रूप से बंगाल की रहने वाली थी। संभावना जताई जा रही है कि वह बंगाल भाग गई होगी।

**सालों ने घर...**बजे तीन साले उसके निवास स्थान पर आए और उसे गालिया देने लगे जिसका विरोध करने पर वह उसे लाठी डंडो से बुरी तरह मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भट्ट सहित तीनों सांसदों की लोकप्रियता पर भाजपा ने लगाई मुहर

## नैनीताल लोकसभा से अजय भट्ट, अल्मोड़ा से अजय टम्टा और टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह फिर मिला टिकट



देहरादून(उद संवाददाता)। जनता के बीच लोकप्रिय मौजूदा सांसदों पर विश्वास जताते हुये भाजपा हाईकमान ने पुनः उन्हे अपना लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। उत्तराखण्ड की पांच लोक सभा क्षेत्रों में से तीन लोकसभा क्षेत्रों में मौजूद सांसद नैनीताल से अजय भट्ट, अल्मोड़ा से अजय टम्टा और टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह की लोकप्रियता पर मोहर लगाते हुये उन्हे चुनावी मैदान में उतारा गया है। बता दें कि, उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटें हैं। जिनमें से अब सिर्फ दो सीटों पर प्रत्याशी का एलान करना बाकी है। अल्मोड़ा से अजय टम्टा और नैनीताल से अजय भट्ट पर हाईकमान ने दोबारा भरोसा जताया है। भाजपा ने उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में से तीन पर उम्मीदवार रिपीट कर दिए हैं। किसी भी तरह का प्रयोग करने से बचते हुए पार्टी की चुनाव समिति ने टिहरी लोकसभा सीट से सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ से अजय टम्टा और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर से अजय भट्ट को प्रत्याशी घोषित किया है। गढ़वाल और हरिद्वार लोकसभा सीट पर अभी पेच फंसा है। इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार बदले जा सकते हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने टिहरी लोस सीट पर राजशाही परिवार पर भरोसा जताते हुए माला राज्य लक्ष्मी शाह पर फिर से भरोसा जताया है। हालांकि, प्रत्याशियों की घोषणा से पहले तक माला राज्य लक्ष्मी शाह के टिकट को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। इस सीट पर कई दावेदारों के नाम भी सामने आ रहे थे, लेकिन माला राज्य लक्ष्मी को पार्टी ने लगातार तीसरे चुनाव अपना उम्मीदवार बनाया है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट पर पार्टी ने अजय टम्टा पर फिर से विश्वास जताया है। इस सीट को लेकर अटकलों का बाजार खासा गर्म था। लंबे समय से चर्चाएं थी कि केंद्रीय नेतृत्व इस सीट पर नया प्रयोग कर सकता है। लेकिन, टम्टा को प्रत्याशी बनाने के साथ इन अटकलों पर भी पूर्ण विराम लग गया है। टम्टा भी तीसरी बार चुनाव मैदान में नजर आएंगे। इससे पहले वह भी 2014 और 2019 का लोस चुनाव जीत चुके हैं। पार्टी ने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोस सीट पर सांसद अजय भट्ट पर दांव लगाया है। भट्ट केंद्र में रक्षा व पर्यटन राज्यमंत्री हैं। पार्टी ने उन्हें 2019 में इस सीट पर प्रत्याशी बनाया था। 2014 में इस सीट पर भगत सिंह कोश्यारी सांसद थे। भट्ट को पार्टी ने लगातार दूसरी बार मौका दिया है। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पहली सूची में हरिद्वार और गढ़वाल लोससभा सीट के प्रत्याशियों के नाम शामिल नहीं है। माना जा रहा कि इन दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर अभी कशमकश है। गढ़वाल से पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत सांसद हैं, जबकि हरिद्वार का प्रतिनिधित्व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक कर रहे हैं। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व अपनी दूसरी सूची में इन दोनों सीटों के प्रत्याशियों के नाम घोषित कर सकता है। पहली सूची में दोनों सीटों के प्रत्याशियों के नाम शामिल न होने को लेकर सियासी हलकों में चर्चाएं हैं कि केंद्रीय नेतृत्व यहां नया प्रयोग करने के मूड में है।

### भट्ट ने जताया हाईकमान का आभार बोले: भारतवर्ष में खिलेगा कमल

रूद्रपुर। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नैनीलाल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा करने पर केद्रींय नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मुझे पुनः नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी,प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट जी व राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के साथ ही संपूर्ण भारतवर्ष में कमल खिलेगा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पुनः सरकार बनाएगी।

# विधायक ने किया पल्स पोलियो कार्यक्रम का किया शुभारम्भ




रूद्रपुर/ किच्छा(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप देश काफी हद तक पोलियो मुक्त हो चुका है। सबके सहयोग से देश पूरी तरह से पोलियो मुक्त हो जायेगा। यह बात विधायक शिव अरोरा ने आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय जिला चिकित्सालय के पंजीकरण कक्ष में पांच वर्ष आयु से कम कई बच्चों को पोलियो खुराक की दो बूंदें पिलाकर अभियान का शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जनहित के इस अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए इससे जुड़े सभी चिकित्सा कर्मियों को आपसी सामंजस्य के साथ जुटने की अपील की। नोडल अधिकारी पल्स पोलियो रूद्रपुर डा. आरडी भट्ट द्वारा बताया गया कि रुद्रपुर शहरी क्षेत्र में 0-5 वर्ष तक के 41274 बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाने हेतु 147 बूथ, 30 बूथ सुपरवाईजर, 109 घर-घर टीमें, 11 ट्रांजिट टीम एवं 1 मोबाईल टीम बनायी गयी है। डा० हरेन्द्र मलिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के सातों ब्लाकों में पांच वर्ष आयु तक के कुल 272725 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए 1316 बूथ स्थापित किए गए हैं। इस अवसर डा० राजेश कुमार सिन्हां (प्रमुख अधीक्षक), डा० राजेश आर्या, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० मिनाक्षी सुमन डब्लूएचओ से, डा० नागेन्द्र चौधरी, डा० अजय वीर सिंह, श्रीमती नीलम डोगरा, प्रदीप महर, हेम चन्द्र पन्त, श्रीमती दीपा जोशी, नन्द लाल, भैरव दत्त, एवं स्टेट मोनेटरिंग टीम से डा० अजय नागर, डा० प्रेरणा पायल, डा० मनीष नेगी आदि उपस्थित रहे। **किच्छा-।** राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन सप्ताह का शुभारंभ स्थानीय सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा विवेक सक्सेना के साथ प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक आरके दुबे एवं डॉक्टर ए के गुप्ता सहित वहां उपस्थित तमाम चिकित्सकों द्वारा बच्चों को पोलियो ड्राप पिला कर किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक आरके दुबे ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 214 बूथ बनाए गए हैं जिसमें 428 कर्मचारी तथा 43 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य 46557 रखा गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाने का है तथा भारत को पोलियो मुक्त बनाने का है। उन्होंने कहा कि जब से उनके द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का जिला प्रतिनिधि पदभार संभाला है तब से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वह प्रयासरत हैं तथा जनपद में प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं तथा जिले में दवाइयों की आपूर्ति भी सुचारू बनाए रखने के लिए वचनबद्ध हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि वह अपने बच्चों को जिसकी उम्र जीरो से 5 वर्ष है पोलियो बूथों पर लाएं और दवा पिलवाएं ताकि भविष्य में पोलियो जैसी संक्रामक बीमारी से बचा जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से जी वी पंगरिया चिकित्सा अधिकारी जनरल फिजिशियन , वाई एस देऊपा ,रुद्र प्रताप सिंह ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी ,प्रियंका सुनीता तारी देवी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

